मूल्य 1 रु.

वर्षः 10 - अंक : 10, मुंबई, मंगलवार, 3 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर

## महाराष्ट्र में पिछले पांच साल में... 14,591 किसानों ने की आत्महत्या




**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार ने सोमवार को बताया कि राज्य में अक्टूबर 2014 से लेकर अगस्त 2019 के बीच 14,591 किसानों ने आत्महत्या की। उन्होंने बताया कि नागपुर और अमरावती राजस्व खंडों में पड़ने वाले 11 जिलों के 1,286 किसानों ने 2019 में आत्महत्या की। मंत्री, राज्य के विधान परिषद में कांग्रेस के विधान पार्षद शरद रणपिसे के सवाल का जवाब दे रहे थे।

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## निर्भया केसः कोर्ट ने तीसरी बार... चारों दोषियों की फांसी टाली



**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने निर्भया केस के चारों दोषियों की फांसी पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अदालत ने एक दोषी पवन गुप्ता की दया याचिका राष्ट्रपति के पास लंबित होने के चलते यह फैसला सुनाया। यह तीसरी बार है, जब दोषियों की फांसी टाली गई है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता की कंस्ट्रक्शन कंपनी 7 इलेवन द्वारा बनाई जा रही... 'अपना घर' प्रोजेक्ट पर चलेगा हथौड़ा

**सभी प्रभाग अधिकारियों ने मिलकर कार्रवाई करने का लिया निर्णय**



**मुंबई।** मीरा-भायंदर भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता की कंस्ट्रक्शन कंपनी 7 इलेवन द्वारा बनाई जा रही 'अपना घर' प्रोजेक्ट में बड़ी गड़बड़ी पाई गई है, जिस पर अब तोड़क कार्रवाई करने का आदेश जारी कर दिया गया है। बिना मंजूरी के बढ़कर चढ़ाया है अवैध मजला। नगररचना विभाग द्वारा अतिरिक्त बांधकाम की तपशील माहिती प्रभाग अधिकारी नरेन्द्र चौहान को जारी की गई थी। प्रभाग अधिकारी की जिम्मेदारी थी कि अवैध बांधकाम को तोड़ने की। अवैध बांधकाम पर कोई कार्रवाई न करने पर प्रभाग अधिकारी नरेंद्र चौहान का Suspension Order तैयार हुआ। सभी प्रभाग अधिकारियों ने मिलकर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है और मीरा-भायंदर भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता की कंस्ट्रक्शन कंपनी 7 इलेवन द्वारा बनाई जा रही 'अपना घर' प्रोजेक्ट पर तोड़क कार्रवाई तय है। बता दें कि हाल ही में नरेंद्र मेहता की अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद नरेंद्र मेहता पर एफआईआर दर्ज किया गया था जिसके बाद से सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि नरेंद्र मेहता फरार चल रहे हैं।







## औरंगाबाद पर शिवसेना का बीजेपी पर निशाना

**'25 साल पहले ही बालासाहेब ने बदल दिया था नाम'**



**मुंबई।** शिवसेना ने औरंगाबाद शहर का नाम संभाजीनगर रखने की मांग को लेकर सोमवार को महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल पर निशाना साधा। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में बीजेपी को याद दिलाया गया है कि 25 साल पहले शिवसेना सुप्रीमो दिवंगत बालासाहेब ठाकरे ने औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर कर दिया था। बता दें कि औरंगाबाद नगर निगम ने जून 1995 में शहर का नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी, लेकिन कांग्रेस के एक पार्षद ने इसे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट और फिर बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी, जिसके बाद इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई।

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### चोरियों के चलते रेलवे का फैसला, अब प्लास्टिक से बदली जाएंगी स्टील की टोटियां

**मुंबई।** ट्रेनों के उत्कृष्ट रैक में हजार से ज्यादा चोरियों के चलते रेलवे ने महंगे स्टेनलेस स्टील फिटिंग्स को प्लास्टिक से बदलने से फैसला किया है। पिछले महीने हमारे सहयोगी अखबार मुंबई मिरर ने उत्कृष्ट रैक के टॉइलट और वॉशबेसिन से 5 हजार से ज्यादा स्टेनलेस स्टील टैप की चोरी की खबर प्राथमिकता से प्रकाशित की थी। इसके बाद चोरों और बदमाशों को रोकने के लिए रेलवे को यह फैसला लेने पर मजबूर होना पड़ा।

रेलवे डेटा के अनुसार, ट्रेनों के उत्कृष्ट रैक से स्टेनलेस स्टील फ्रेम के साथ 2 हजार से अधिक बाथरूम मिरर, 500 लिक्विड सोप डिस्पेंसर और करीब 3 हजार फ्लश वॉल्व गायब हैं। बता दें कि रेलवे ने अपनी लंबी दूरी की ट्रेनों के अपग्रेडेशन के लिए 2018 में करीब 300 उत्कृष्ट रैक लॉन्च की थी। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए 400 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे और शौचालय को उत्कृष्ट बनाने के लिए स्टील की महंगी फिटिंग्स लगाई गईं।

उत्कृष्ट रैक सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे दोनों को उपलब्ध कराए गए थे। इनमें एलईडी लाइट्स के साथ टॉइलट्स में फ्रेशनर लगाए गए। रेलवे अधिकारी ने कहा कि पिछले महीने चोरों की वजह से सेंट्रल रेलवे को 15.25 लाख रुपये का जबकि पश्चिमी रेलवे को 38.58 लाख रुपये का नुकसान हुआ। उत्कृष्ट कोच के अंदर चोरी और तोड़फोड़ को देखते हुए अधिकारियों ने इसका समाधान निकाला और सभी महंगी स्टील फिटिंग को कम कीमत वाले प्लास्टिक फिटिंग से बदलने का फैसला किया।

सेंट्रल रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार, 'इस तरह की बड़ी चोरी को देखते हुए रेलवे कोच में महंगे स्टेनलेस स्टील फिटिंग्स को रिप्लेस करना असंभव होगा।' उन्होंने कहा, 'चोरों की हरकत रोकने के लिए पुराने प्लास्टिक डिजाइन पर ही वापस आना होगा। इसका मतलब यह है कि कुछ शरारती तत्वों की वजह से सभी ग्राहकों को उत्कृष्ट रैक सेवा से वंचित रहना पड़ेगा।' उत्कृष्ट रैक में प्लास्टिक के रिप्लेसमेंट की लागत भी कम जाएगी। स्टील का एक टैप 300 से 450 रुपये का आता है, जबकि प्लास्टिक के एक टोटी में 60 से 80 रुपये ही खर्च होंगे। साथ ही इनकी रीसेल वैल्यू भी काफी कम होगी। जोनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमिटी के एक सदस्य ने लोगों से रेलवे संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील की है। एक यात्री सुभाष गुप्ता ने कहा, 'मेरा मानना है कि यात्री इसके पीछे दोषी हैं। यह संभव नहीं है कि शौचालय से आने वाले प्रत्येक यात्री को चेक किया जाए। रेलवे को दोषी ठहराने के बजाय हम लोगों को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है।'

### मुंबई का कोई भी मिल मजदूर बेघर नहीं होगा: उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में बड़ा योगदान देने वाले सभी मिल मजदूरों को मुंबई में घर मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और मुंबई का कोई भी मिल मजूदर बेघर नहीं होगा।

विस्थापित मिल श्रमिकों के लिए पूर्व की मिल की जमीनों पर निर्मित 3,894 फ्लैटों का आवंटन करने के लिए लॉटरी के परिणाम जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने फ्लैट प्राप्त करने वालों से आग्रह किया कि वे अपने फ्लैट को आगे बेचे नहीं और मुंबई में ही रहें। ठाकरे ने कहा, परिवार के बड़े सदस्य के नाते मैं आपसे बातचीत करने आया हूं। मैं मिल मजदूरों के समर्थन को लेकर उनके कर्ज में हूं। जब आपको आपके फ्लैट का अधिकार मिल जाएगा, वहां खुशी से रहना और मुझे चाय पर बुलाना। आवास मंत्री जितेंद्र अवहद ने कहा कि दशकों पहले मुंबई में मिलें बंद हो गईं, इसलिए सरकार विस्थापित मजदूरों को घर प्रदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अजित पवार को 8 नहीं, 60 नगरसवेक चाहिए

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में राकांपा के फिलहाल 8 नगरसेवक हैं, लेकिन अगले चुनाव में पार्टी के 50-60 नगरसेवक होना चाहिए। यह टारगेट अजित पवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया है। वह रविवार को मुंबई में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। चूनाभट्टी के सोमैया मैदान में आयोजित इस एक दिवसीय सम्मेलन का फोकस 'मिशन 2022 मुंबई महानगरपालिका' था।

अजित पवार ने कहा कि बीएमसी में राकांपा के फिलहाल आठ नगरसेवक हैं। हमारे अब तक अधिकतम 14 नगरसेवक जीतकर आए हैं। इस बार हमारी संख्या 50 से 60 होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस लक्ष्य को पाने के लिए अभी से जुट जाएं। हर वॉर्ड में काम करना होगा, लोगों की समस्याएं हल करनी होंगी।



मुंबई में राकांपा के जनाधार विस्तार की रूपरेखा पर भी अजित पवार ने अपना रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि अगर मुंबई में हमारे ज्यादा नगरसेवक होंगे, तो हम ज्यादा विधायक चुनकर ला सकेंगे। मुंबई में पार्टी के विस्तार के लिए पवार ने कहा कि वह खुद भी महीने में एक दिन मुंबई के लिए रिजर्व करेंगे। अगर इसी तरह राकांपा के 16 मंत्रियों ने एक-एक दिन मुंबई के लिए रिजर्व किया तो बेहतर नियोजन हो सकता है।

भाजपा ने दिल्ली चुनाव में अपने सभी मंत्रियों और सांसदों को उतार दिया था। बावजूद इसके आम आदमी पार्टी को 62 सीटें इसलिए मिलीं, क्योंकि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जनता की समस्याओं की तरफ ज्यादा ध्यान दिया। हमें भी लोगों की समस्याओं पर ही फोकस रखना होगा।

### बीएमसी ने तेज की प्रॉपर्टी टैक्स वसूली

**मुंबई।** बीएमसी ने प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। बीएमसी ने अब तक 3392 प्रॉपर्टी पर कार्रवाई की है। मे. सुमेर बिल्डर के 'रे रोड' स्थित कार्यालय पर कार्रवाई करते हुए बीएमसी ने लैपटॉप, कम्प्यूटर, प्रिंटर, टेबल, कुर्सी और सोफे जब्त कर लिए। पिछले दिनों बीएमसी ने प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वाली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो हेलिकॉप्टर जब्त किया था। एक सप्ताह के भीतर बीएमसी ने बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 350 करोड़ रुपये वसूले हैं। बीएमसी प्रतिदिन करीब 40 से 50 करोड़ रुपये की वसूली कर रही है।

### बच्चे की हत्या के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर में शरारत करने पर 15 वर्षीय लड़के की हत्या करने के आरोप में 68 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि हिम्मत ग्यानी गोहिल ने शनिवार रात किसी शरारत से खफा होकर शिवशंभु पवार का गला घोंट दिया। पुलिस ने बताया कि कुछ पड़ोसियों ने पवार के माता-पिता को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे। लड़के को राजावाडी के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आपकी दुकानों पर भी आ सकता है ब्लू स्क्वॉड

**मुंबई।** महानगर को प्लास्टिक मुक्त करने के ऐलान के साथ बीएमसी ने महानगर में सिंगल प्लास्टिक इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को बीएमसी की टीम ने क्रॉफर्ड मार्केट में अचानक छापेमारी की, जिसमें करीब दर्जनभर अधिकारी शामिल थे। इससे दुकानदार सकते में आ गए। जल्द ही बाजार, दुकानों में यह टीम सक्रिय नजर आएगी।

गौरतलब है कि प्लास्टिक बंदी लागू होने के बाद बीएमसी ने ब्लू स्क्वॉड का गठन किया था। सोमवार से इस मुहिम को तेज करने की तैयारी है। पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने 1 मई तक महाराष्ट्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने का वादा किया है। इसी क्रम में 1 मार्च से बीएमसी ने इस मुहिम को तेज करने का ऐलान किया था। प्लास्टिक बंदी लागू करने में सबसे बड़ी दिक्कत राज्य के बाहर से आने वाले प्लास्टिक से है। ऑक्ट्रॉय बंद होने के चलते नाकों पर से नजर हट गई है। इससे पहले भी चेकनाकों पर स्पेशल टीम तैनात करने का विचार किया गया था, लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। एक अधिकारी ने कहा कि इस बार जरूरी होगा, तो हम ऑक्ट्रॉय नाके के आस-पास टीम तैनात कर सकते हैं। आदित्य खुद चाहते हैं, इसलिए हम इसे सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के लिए सबसे बड़ी दिक्कत इसका आसान और सस्ता विकल्प न होना ही माना जाता रहा है। प्लास्टिक बंदी के बाद कई विकल्प बाजार में आए, लेकिन कोई भी कारगर साबित नहीं हो सका। प्रशासन लोगों से कपड़े की थैलियों का उपयोग करने की बार-बार अपील करता रहा है। प्लास्टिक का इस्तेमाल करने, उसका उत्पादन और भंडारण करते यदि कोई पहली बार पकड़ा जाता है, तो उस पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर 10,000 रुपये और तीसरी बार पकड़े जाने पर व्यक्ति से 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

# डॉन के बाद अब उसका रिश्तेदार गिरफ्तार, व्यापारी से मांगा था एक करोड़ का हफ्ता

**मुंबई।** सिर्फ डॉन एजाज लकड़ावाला नहीं, उसके रिश्तेदारों पर भी मुंबई पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। उसी कड़ी में रविवार को एजाज के रिश्तेदार नदीम अब्दुल सत्तार को क्राइम ब्रांच के हफ्ता निरोधक प्रकोष्ठ ने गिरफ्तार किया है।

सीनियर इंस्पेक्टर अजय सावंत ने एनबीटी को बताया कि छह जनवरी को मुंबई के एक बड़े व्यापारी ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया था कि उससे एक करोड़ का हफ्ता मांगा जा रहा है। उसी केस में हमने एजाज को 8 जनवरी को पटना से गिरफ्तार किया था।

एजाज से पूछताछ में पता चला कि व्यापारी का मोबाइल नंबर उसे उसके फूफा के लड़के नदीम से मिला था, जिसने व्यापारी के बारे में अन्य जानकारियां भी एजाज को शेयर की थीं। नदीम उन दिनों विदेश में था, इसलिए उसके खिलाफ देश के सभी एयरपोर्ट्स पर लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया था।



रविवार को जैसे ही वह जेद्दा से मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट आया, इमिग्रेशन वालों ने उसे एयरपोर्ट पर ही रोक लिया और मुंबई क्राइम ब्रांच को इस बारे में सूचित कर दिया। इसी के बाद उसे गिरफ्तार कर इंस्पेक्टर सचिन कदम तथा अन्य अधिकारियों ने किला कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे 3 मार्च तक क्राइम ब्रांच की हिरासत में भेज दिया गया। जांच में यह बात भी सामने आई है कि नदीम कई व्यापारियों की तरफ से एजाज लकड़ावाला से उगाही की रकम में सेटलमेंट भी करता था। उसे कुछ अन्य केसों में भी आरोपी बनाया जा सकता है।

इससे पहले क्राइम ब्रांच ने एजाज लकड़ावाला की बेटी सोनिया लकड़ावाला उर्फ सोनिया शेख को भी दो केसों में गिरफ्तार किया था। बाद में एक केस में उसे डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि दूसरे केस में उसे जमानत मिल गई। बेटी से पूछताछ के बाद ही मुंबई क्राइम ब्रांच को एजाज लकड़ावाला के नेपाल और विदेश के अन्य ठिकानों के बारे में जानकारियां मिली थी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हौं सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# जब उद्धव ठाकरे ने मजदूरों से कहा, 'कसम खाओ कि घर नहीं बेचोगे'

**मुंबई।** कई साल से मुंबई में अपना घर होने का सपना देखने वाले 3,894 मिल मजदूरों को रविवार को आशियाना मिल गया। मुंबई में बंद पड़ी मिलों की जमीनों पर बने 3,894 घरों की लॉटरी मुख्यमंत्री उद्धव ने निकाली। इस दौरान उद्धव ने मिल मजदूरों से आवंटित घरों को किसी अन्य को नहीं बेचने का वचन मांगा। उद्धव ने कहा कि मुंबई के निर्माण में मिल मजदूरों की बेहद अहम भूमिका रही है। मजदूरों ने खून बहा कर मुंबई बनाई है। घर बेच कर मजदूरों को मुंबई से अपना हक गंवाना नहीं चाहिए। जल्द ही मजदूरों के लिए दूसरी लॉटरी निकाली जाएगी। उनकी सरकार प्रत्येक मजदूर को घर मुहैया करवाने की दिशा में काम कर रही है।



घर की लॉटरी निकलते वक्त उद्धव ने कहा कि जब आपको नए मकान आवंटित हो जाएं, तो आप मुझे चाय पर बुलाइएगा। इन मकानों को बेचकर अपने अधिकार खोकर मुंबई से बाहर मत जाइएगा। शिवसेना और मिल मजदूरों का पुराना रिश्ता है। 90 प्रतिशत शिवसैनिक मजदूर हैं। प्रत्येक मजदूर को घर दिलाने की दिशा में उनकी सरकार काम कर रही है।

म्हाडा ने मुंबई में बंद पड़ी तीन मिलों की जमीनों पर 3,894 घर तैयार किए हैं। बॉम्बे डाइंग टेक्सटाइल मिल की जमीन पर 720 घर, बॉम्बे स्प्रिंग मिल की जगह पर 2,630 घर और परेल स्थित श्रीनिवास मिल की जमीन पर 544 घर बनाए हैं। गृहनिर्माण मंत्री जितेंद्र अव्हाड ने कहा कि म्हाडा अगले 4 साल में मुंबई में 50 हजार किफायती घरों का निर्माण करेगी।

एमएमआरडीए की तरफ से रायगड के मौजे कोन में बनाए गए 2,000 घरों की लॉटरी 1 अप्रैल 2020 में जारी की जाएगी। म्हाडा के उपाध्यक्ष मिलिंद म्हैसकर के अनुसार, मिल मजदूरों के घरों के लिए ठाणे में 90 एकड़ जमीन का चयन किया गया है। जल्द ही वहां घरों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

म्हाडा ने घरों की कीमत 9.5 लाख रुपये निर्धारित की है। मजदूरों ने सरकार से घरों की कीमत कम करने की मांग की है। लॉटरी विजेता संतोष मोरे ने कहा कि रिटायर होने के बाद उन्हें 9 लाख रुपये नहीं मिले हैं।

ऐसे में वह घरों के लिए निर्धारित रकम कहां से भरेंगे। सत्यवान पताडे के अनुसार, मजदूर 10 से 15 हजार रुपये की नौकरी कर रहे हैं। इतनी बड़ी रकम जमा करने के लिए म्हाडा की तरफ से हमें अतिरिक्त समय मिलना चाहिए।

## कपड़ा व्यापारी राज्य में ही रहेंगे: असलम शेख

**मुंबई।** टेक्सटाइल मंत्री असलम शेख ने कपड़ा व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं का सरकार निदान करेगी। उनके राज्य छोड़कर बाहर जाने की नौबत नहीं आएगी। उन्होंने कपड़ा व्यापारियों से कहा कि बिजली क्षेत्र में सरकार की 2 रुपये की छूट जारी रहेगी, बल्कि बढ़ाने पर भी विचार करेगी।

शनिवार को शेख ने कालबादेवी स्थित भारत मर्चेंट्स चेंबर में कपड़ा व्यापारियों से मिलकर उनके कारोबार में आ रही रुकावटों को दूर करने की पहल की। इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष विजय लोहिया, उपाध्यक्ष नरेंद्र पोद्दार, ट्रस्टी राजीव सिंगल, संयुक्त मंत्री रतन पोद्दार, विनोद गुप्ता, श्रीप्रकाश केडिया, चंद्रकिशोर पोद्दार, योगेन्द्र राजपुरिया, रमरिछपाल अग्रवाल, विष्णु केडिया, हरिराम अग्रवाल, राधेश्याम जालान, देशबंधु कागजी ने कपड़ा व्यापारियों की कारोबार में आ रही परेशानियां रखीं। व्यापारियों ने मंत्री शेख को बताया कि टेक्सटाइल अपग्रेडेशन फंड (टीयूएफ) की रकम राज्य सरकार नहीं के बराबर दे रही है। इसे फिर से बहाल किया जाए, ताकि कारखाने में लगी पुरानी मशीनों को बदला जा सके। सिंथेटिक यार्न पर 12 प्रतिशत और कपड़े पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है, इसे एक जैसा किया जाए। टेक्सटाइल कारखाने में सरकार 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली की रियायत देती है, जिसे बढ़ाया जाए, ताकि अन्य देशों के कपड़ा उद्योग से स्पर्धा कर सकें। कपड़ा व्यापारियों की सुनने के बाद शेख ने आश्वासन दिया।

## अब बीएमसी कमिश्नर को अनुमति की 'अनुमति' नहीं

**मुंबई।** शिवसेना ने बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी के कुछ अधिकारों पर स्पीड ब्रेकर लगा दिया है। एक प्रस्ताव पास कर शिवसेना ने कहा है कि कमिश्नर बिना वृक्ष प्राधिकरण की अनुमति के एक भी पेड़ नहीं काट सकते। हालांकि, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा ऐक्ट में बदलाव करने की जरूरत होगी। राज्य की पिछली बीजेपी सरकार ने कमिश्नर को 25 पेड़ काटने की अनुमति देने का अधिकार दिया था।

कमिश्नर ने इसके तहत मुंबई में पिछले 2 वर्षों में 15 हजार पेड़ काटने की अनुमति दी थी। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे मुंबई में पेड़ काटे जाने के विरोधी हैं। शिवसेना ने बीएमसी में इसे कठोरता से लागू करने का फैसला किया है। विकास कार्यों और इमारत निर्माण के लिए पेड़ काटे जाने की अनुमति बीएमसी की वृक्ष प्राधिकरण समिति देती है। अब तक 25 से ज्यादा पेड़ों को काटने के लिए




प्राधिकरण की मंजूरी आवश्यक थी, जबकि इससे कम पेड़ काटने की अनुमति कमिश्नर दे सकते थे। प्राधिकरण की बैठक में शनिवार को कई प्रॉजेक्ट्स के लिए कुल 205 पेड़ों को काटे जाने का प्रस्ताव आया था, जिसमें से सिर्फ एक को मंजूरी देकर बाकी सबको नामंजूर कर दिया गया।

पालघर में प्रस्तावित गारगाई पानी प्रोजेक्ट पर संकट पैदा हो सकता है, क्योंकि बीजेपी ने इस प्रोजेक्ट के लिए लाखों पेड़ काटे जाने का आरोप लगाया है। बीजेपी का कहना है कि आरे मेट्रो कारशेड के लिए दो हजार पेड़ काटे जाने पर शिवसेना ने हायतौबा मचा दी थी। अब गारगाई के लिए लाखों पेड़ काटे जाने की कैसे अनुमति देंगे/ इस प्रॉजेक्ट के पूरा होने से मुंबईकरों को 440 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिलेगा। स्थायी समिति के अध्यक्ष यशवंत जाधव ने कहा कि गारगाई को लेकर प्रस्ताव आने पर फैसला होगा। दो साल पहले देवेंद्र फडणवीस सरकार ने वन संवर्धन कानून -75 के अंतर्गत 25 पेड़ काटने की अनुमति देने का अधिकार कमिश्नर को दिया था। इस कानून के तहत कई बिल्डरों ने कम-कम पेड़ काटने की अनुमति बीएमसी प्रशासन से प्राप्त कर ली। यशवंत जाधव ने बताया कि मुंबई में पर्यावरण की सुरक्षा और पेड़ों को बचाने के लिए मैंने सभागृह में प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें बीएमसी कमिश्नर के 25 पेड़ काटने की अनुमति देने के अधिकार को रद्द करने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव का सभी दलों ने समर्थन किया है। बीएमसी कमिश्नर ने भी प्रस्ताव का स्वागत किया है।

## मुंबई में बच्चे की खातिर मां बनी धावक, अब लाखों रुपये कमा रही

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के नालासोपारा इलाके में रहने वाली सीमा वर्मा कई सिंगल मदर्स के लिए प्रेरणास्रोत बन गई हैं। सीमा वर्मा पिछले कई वर्षों में ढेरों पुरस्कार जीत चुकी हैं। दरअसल, सिंगल मदर सीमा ने अपने बच्चे के पालन-पोषण के लिए रेसिंग को अपना पेशा बनाया और अब रेस जीतकर लाखों रुपये कमा रही हैं। उनकी यही कहानी कई धावकों को प्रोत्साहित कर रही है।

38 साल की प्रेरणा की निजी जिंदगी बेहद कटु अनुभवों से गुजरी। उन्हें शादी के बाद ससुराल में बड़े कष्ट उठाने पड़े। बच्चे के खातिर उन्हें घरेलू नौकरानी का भी काम करना पड़ा। इस बीच एक 'मेमसाहिब' उनके लिए देवदूत बनकर आईं और



उन्हें पेशेवर तरीके से दौड़ने में मदद की। 19 साल के बच्चे की मां सीमा प्रतियोगिता जीतकर इनाम की राशि से अपना खर्च चला रही हैं।

सीमा ने यह बताने से मना कर दिया कि वह कितना कमाती हैं लेकिन कहा कि जब वह रेस जीततीं तो करीब 20 हजार रुपये उन्हें मिल जाता है। उन्होंने कहा कि इस आय से उनका खर्च चलता है। सीमा अब तक 14 रेस जीत चुकी हैं जिससे उन्हें कुल करीब 2 लाख रुपये मिला है। यह उनके घरेलू नौकरानी की कमाई से ज्यादा है। सीमा जब 17 साल की थीं तब उनकी शादी एक शराबी से हो गई थी। शराबी पति ने उन्हें और उनके बच्चे को 4 साल बाद ही छोड़ दिया। इसके बाद सीमा को अपने बच्चे के पालन के लिए नौकरी करनी पड़ी। यहां तक कि उन्हें नौकरानी का काम करना पड़ा। उनकी एक मालकिन को पता था कि सीमा को खेल पसंद है। उसी मालकिन ने सीमा को दौड़ने को अपना पेशा बनाने की सलाह दी। अब उन्हें दौड़ते हुए 8 साल बीत गए हैं। इसी से उनका घर चल रहा है।

## मेट्रो-5 के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान

**भिवंडी।** ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो-5 के प्रस्तावित मार्ग में कोई बदलाव न करने की मांग को लेकर भिवंडी मेट्रो मंच ने रविवार को शहर के 13 इलाकों में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसमें शहर के लगभग 50 हजार लोगों ने हस्ताक्षर करके प्रस्तावित मार्ग को समर्थन दिया। मंच ने दो लाख हस्ताक्षर का रखा है। इसके बाद इसे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को सौंपा जाएगा।

मेट्रो-5 के नियोजित मार्ग का समर्थन पत्र भाजपा विधायक महेश चौघुले एवं सपा विधायक रईस शेख की तरफ से दिए जाने के बाद सांसद कपिल पाटील ने भी समर्थन दिया है। बता दें कि भिवंडी शहर में मेट्रो-5 का प्रस्तावित मार्ग अंजुरफाटा से धामनकर नाका, कल्याण नाका से कल्याण रोड स्थित गोपालनगर से टेमघर होते हुए कल्याण जाने के लिए है। कल्याण रोड से मेट्रो-5 जाने के कारण कल्याण रोड के दोनों तरफ छह मीटर तोड़कर सड़क विस्तारीकरण किया जाना है, इसके लिए मनपा ने प्रस्ताव भी पास कर दिया है। लेकिन, छह मीटर सड़क विस्तारीकरण करने के कारण कल्याण नाका से पाइपलाइन टेमघर तक हजारों दुकानें एवं घर आदि चपेट में आ रहे हैं, जिसके कारण कल्याण रोड व्यापारी एवं रहिवासी संघर्ष समिति ने मेट्रो-5 के प्रस्तावित मार्ग का विरोध किया था।

# उद्धव ठाकरे बोले: मुंबई में कोई भी मिल मजदूर बेघर नहीं होगा



## श्रमिकों से कहा–मुझे चाय पर अपने घर बुलाना

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार 'संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन' में बड़ा योगदान देने वाले सभी मिल मजदूरों को मुंबई में घर मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और मुंबई का कोई भी मिल मजदूर बेघर नहीं होगा। आवास मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि दशकों पहले मुंबई में मिलें बंद हो गईं, इसलिए सरकार विस्थापित मजदूरों को घर प्रदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विस्थापित मिल श्रमिकों के लिए पूर्व की मिल की जमीनों पर निर्मित 3,894 फ्लैटों का आवंटन करने के लिए लॉटरी के परिणाम जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने फ्लैट प्राप्त करने वालों से आग्रह किया कि वे अपने फ्लैट को आगे बेचे नहीं और मुंबई में ही रहें। ठाकरे ने कहा, परिवार के बड़े सदस्य के नाते मैं आपसे बातचीत करने आया हूं। मैं मिल मजदूरों के समर्थन को लेकर उनके कर्ज में हूं। जब आपको आपके फ्लैट का अधिकार मिल जाएगा, वहां खुशी से रहना और मुझे चाय पर बुलाना। म्हाडा ने मुंबई में बंद पड़ी तीन मिलों की जमीनों पर 3,894 घर तैयार किए हैं। बॉम्बे डाइंग टेक्सटाइल मिल की जमीन पर 720 घर, बॉम्बे स्प्रिंग मिल की जगह पर 2,630 घर और परेल स्थित श्रीनिवास मिल की जमीन पर 544 घर बनाए हैं। गृहनिर्माण मंत्री जितेंद्र अव्हाड ने कहा कि म्हाडा अगले 4 साल में मुंबई में 50 हजार किफायती घरों का निर्माण करेगी।

**अप्रैल में 2,000 घरों की लॉटरी:** एमएमआरडीए की तरफ से रायगड के मौजे कोन में बनाए गए 2,000 घरों की लॉटरी 1 अप्रैल 2020 में जारी की जाएगी। म्हाडा के उपाध्यक्ष मिलिंद म्हैसकर के अनुसार, मिल मजदूरों के घरों के लिए ठाणे में 90 एकड़ जमीन का चयन किया गया है। जल्द ही वहां घरों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

**कीमत कम करने की मांग:** म्हाडा ने घरों की कीमत 9.5 लाख रुपये निर्धारित की है। मजदूरों ने सरकार से घरों की कीमत कम करने की मांग की है। लॉटरी विजेता संतोष मोरे ने कहा कि रिटायर होने के बाद उन्हें 9 लाख रुपये नहीं मिले हैं। ऐसे में वह घरों के लिए निर्धारित रकम कहां से भरेंगे। सत्यवान पताडे के अनुसार, मजदूर 10 से 15 हजार रुपये की नौकरी कर रहे हैं। इतनी बड़ी रकम जमा करने के लिए म्हाडा की तरफ से हमें अतिरिक्त समय मिलना चाहिए।

# खंडाला के पास ट्रक की टक्कर से 3 बाइक पर सवार 5 लोगों की मौत

## ट्रक पलटने से ड्राइवर भी गंभीर रूप से जख्मी



**पुणे।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर रायगढ़ जिले में खंडाला के पास रविवार आधी रात तेज रफ्तार ट्रक ने 3 बाइक्स सवार 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक की हॉस्पिटल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया था। मरने वालों में प्रदीप चोरले, अमोल चिमले, नारायण गुंडाले, निवृत्ति गुंडाले और गोविंद नलवाड़ शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रक ड्राइवर बालाजी हरिश्चंद्र भंडारी गंभीर रूप से घायल है। ट्रक पुणे से मुंबई की ओर जा रहा था। हादसे के बाद ट्रक भी पलट गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। हादसे के चलते 2 घंटे एक्सप्रेस-वे जाम रहा। घायल शख्स को खंडाला के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**महाराष्ट्र में पिछले पांच साल में 14,591...**

वडेट्टीवार ने एक लिखित जवाब में कहा, अक्टूबर 2014 से अगस्त 2019 के बीच 14,591 किसानों ने आत्महत्या की जिनमें से 5,430 मामले किसी भी मदद के लिए अयोग्य हैं और 214 मामलों की जांच लंबित है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के उन छह जिलों के लिए विशेष पैकेज है, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने आत्महत्या की। महाराष्ट्र विकास अघाडी ने हाल ही में किसानों के लिए ऋण माफ करने वाली योजना की घोषणा की थी।

**निर्भया केस: कोर्ट ने तीसरी बार चारों दोषियों की फांसी टाली**

पवन ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन खारिज होने के तुरंत बाद दया याचिका दाखिल की थी। दोषी के वकील एपी सिंह ने दलील दी थी कि जब तक राष्ट्रपति इस पर फैसला नहीं लेते, तब तक अदालत डेथ वॉरंट पर रोक लगाए। फांसी पर रोक के बाद निर्भया की मां ने कहा कि सजा पर बार-बार रोक लगना सिस्टम की नाकामी दिखाता है। हमारा पूरा सिस्टम ही अपराधियों का मददगार है। तीसरी बार जारी हुए डेथ वॉरंट में निर्भया के दोषियों की फांसी की तारीख 3 मार्च सुबह 6 बजे मुकर्रर की गई थी। ट्रायल कोर्ट ने फांसी के वॉरंट पर रोक लगाने के लिए दायर दोषी अक्षय सिंह की याचिका ठुकराई। उसने भी शनिवार को राष्ट्रपति के पास नई दया याचिका लगाने की बात कही थी। अब चारों दोषी विनय शर्मा, मुकेश सिंह, पवन गुप्ता और अक्षय सिंह अपने सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल कर चुके हैं। दोषी पवन के वकील एपी सिंह ने दलील दी कि उसने राष्ट्रपति को दया याचिका भेजी है। जब तक राष्ट्रपति इस पर फैसला नहीं लेते, तब तक अदालत डेथ वॉरंट पर रोक लगाए। अदालत ने क्यूरेटिव और दया याचिका लगाने में हुई देरी को लेकर पवन के वकील एपी सिंह को फटकार लगाई। जज ने कहा- किसी की तरफ से एक भी गलत कदम उठाया, तो नतीजे आपके सामने होंगे। अदालत ने सिंह से कहा- आप आग से खेल रहे हैं। चेत जाइए। तिहाड़ प्रशासन ने अदालत को बताया- दया याचिका दाखिल करने के बाद राष्ट्रपति उनसे स्टेटस रिपोर्ट मांगेंगे, जिससे फांसी पर अपने-आप ही रोक लग जाएगी। अब गेंद सरकार के पाले में है और अदालत की इसमें कोई भूमिका नहीं है। अदालत ने अगले आदेश तक चारों दोषियों की फांसी पर रोक लगाई। राष्ट्रपति के पास दोषी पवन की दया याचिका लंबित होने के चलते अदालत ने यह फैसला सुनाया। अब डेथ वॉरंट के मुताबिक 3 मार्च को सुबह 6 बजे दोषियों को फांसी नहीं दी जा सकेगी। निर्भया की मां आशा देवी ने कहा, अदालत दोषियों को फांसी देने के अपने ही आदेश पर अमल करने में इतना वक्त क्यों लगा रही है? सजा पर बार-बार रोक लगना सिस्टम की नाकामी दिखाता है। हमारा पूरा सिस्टम ही अपराधियों की मदद करता है। इस बीच, तिहाड़ प्रशासन ने जानकारी दी कि पवन जल्लाद ने सोमवार को जेल में चारों दोषियों की डमी को फांसी देने की प्रक्रिया पूरी की। चारों दोषियों की डमी उनके वजन के हिसाब से तैयार की गई। दोषियों की डमी को पहले भी दो बार 27 और 12 जनवरी को फांसी दी जा चुकी है। दोनों बार तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने ही यह प्रक्रिया पूरी की। यह प्रक्रिया फांसी की रिहर्सल मानी जाती है।

**औरंगाबाद पर शिवसेना का बीजेपी पर निशाना**

पाटिल ने पिछले हफ्ते औरंगाबाद का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी के नाम पर रखने की मांग की थी। बीजेपी नेता ने कहा था, 'हम छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र संभाजी महाराज के वंशज हैं, औरंगजेब के नहीं। लिहाजा सभी तकनीकी समस्याओं को दूर कर औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर कर दिया जाना चाहिए।' शिवसेना ने पाटिल पर निशाना साधते हुए कहा, 'उन्हें यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज हैं और यहां कोई औरंगजेब का वंशज नहीं है।' संपादकीय में विवादित पुस्तक 'आज के शिवाजीः नरेन्द्र मोदी' की ओर इशारा करते हुए कहा गया है कि बीजेपी पिछले पांच वर्षों से छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम ले रही है और अब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से करने की गुस्ताखी करने लगी है। शिवसेना ने कहा कि बीजेपी पिछले पांच साल तक राज्य में सत्ता में थी और केंद्र में अब भी उसकी सरकार है। संपादकीय में कहा गया है, 'आपने औरंगाबाद का नाम क्यों नहीं बदला? उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के इलाहाबाद और अन्य शहरों के नाम बदल दिए। बीजेपी को याद होना चाहिए कि 25 साल पहले बालासाहेब ने संभाजीनगर का नाम बदला था।'







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7

# दिल्ली में 47 मौतें

## दंगा-अफवाह फैलाने वाले 57 गिरफ्तार



### केजरीवाल का ऐलान- मृत आईबी कर्मचारी के परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा

**दिल्ली** हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 47 हो गया है। गुरु तेग बहादुर अस्पताल में सबसे ज्यादा 38 मौतें हुईं। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 5, जबकि जग प्रवेश चंद्र में 1 और लोक नायक अस्पताल में 3 लोगों ने दम तोड़ा। पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा को लेकर अब तक 334 एफआईआर दर्ज की हैं। इसमें 44 मामले आर्म्स एक्ट के हैं। कुल 57 लोगों को गिरफ्तारी हो चुकी है। इसमें 33 लोगों पर दंगे में शामिल होने और बवाल करने का आरोप है जबकि 24 लोग रविवार को हिंसा की अफवाह उड़ाने के आरोप में पकड़े गए हैं। इसके अलावा 800 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। अफवाहों को देखते हुए पुलिस ने सोमवार की सुबह हिंसाग्रस्त इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया। इस बीच, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हिंसा में जान गंवाने वाले इंटेलिजेंस ब्यूरो(आईबी) अधिकारी अंकित शर्मा के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा- दिल्ली सरकार ने तय किया है कि आईबी अधिकारी अंकित के परिवार को सम्मान राशि के तौर पर 1 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा परिवार के एक सदस्य को दिल्ली सरकार नौकरी देगी। सीबीएसई की परीक्षाएं सोमवार से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरू हो गईं। दिल्ली के हिंसाग्रस्त इलाकों के छात्र भी परीक्षा दे रहे हैं। यहां परीक्षा केंद्रों पर 98% उपस्थिति रही। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर स्कूलों के पास भारी पुलिसबल तैनात है। कई स्कूलों के बाहर पुलिसकर्मियों ने परीक्षार्थियों को गुलाब के फूल भी दिए।

### कुछ अराजक तत्व अफवाह फैला रहे: पुलिस

दिल्ली पुलिस के पीआरओ एमएस रंधावा ने कहा- कुछ अराजक तत्व ऐसी अफवाहें फैला रहे हैं, जिससे शांति व्यवस्था में बाधा आए। लोगों को आगाह किया जा रहा है कि इन अफवाहों पर भरोसा न करें। पूरी दिल्ली में कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। दिल्ली के नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाएं और शांति बनाए रखने में मदद करें। हमें जनकपुरी ईस्ट, जनकपुरी वेस्ट, ख्याला, हरिनगर, मदनपुर खादर समेत कई इलाकों से पैनिक कॉल आई हैं। पुलिस सोशल मीडिया की निगरानी कर रही है। अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी।


### दिल्ली विधानसभा ने 9 सदस्यीय कमेटी गठित की

हिंसाग्रस्त इलाकों में शांति और सामंजस्य स्थापित करने के लिए दिल्ली विधानसभा ने 9 सदस्यीय कमेटी बनाई है। इसकी अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज करेंगे। कमेटी की पहली बैठक सोमवार की शाम तीन बजे होगी।

## इंडिया फैक्ट क्विज (आईएफक्यू), भारत का पहला युवा-केंद्रित तथ्य-आधारित डिजिटल क्विज चैम्पियनशिप और टीवी शो हुआ लॉन्च

**पूरे** भारत में इंडिया फैक्ट क्विज (आईएफक्यू) ऑनलाइन लॉन्च किया गया। यह भारत के डेटा और तथ्यों पर आधारित एक देशव्यापी डिजिटल गेम क्विज है। आईएफक्यू का उद्देश्य भारत के युवाओं में जागरुकता लाना और डेटा समर्थित सटीक जानकारी और फैक्टचेक के प्रति सजगता लाना है। वार्षिक चैम्पियनशिप 17-25 आयु वर्ग के युवाओं को लक्षित करता है। आईएपक्यू का प्रीलिमनेरी या प्रारंभिक राउंड www.indiafactquiz.com पर ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और लखनऊ में ऑन-ग्राउंड रीजनल फाइनल होंगे और अप्रैल 2020 में नई दिल्ली में नेशनल फाइनल होगा। इस खेल के जरिए प्रतिभागियों के पास 20 लाख रुपये से अधिक मूल्य के टेक हैम्पर्स और भारत के पहले फैक्ट क्विजार्ड का खिताब जीतने का मौका है। इंडिया फैक्ट क्विज, स्वास्थ्य, शिक्षा, लिंग, जलवायु, पर्यावरण और सस्टैनबिलिटी जैसे सामाजिक और विकास के मुद्दों पर केंद्रित होगा। बेहद आकर्षक और मनोरंजक फॉर्मेट में प्रतिभागियों को विस्तृत विषयों पर उनके ज्ञान और जागरूकता पर चुनौती दी जाएगी। प्रत्येक प्रश्न और उसके अनुरूप प्रतिक्रिया के माध्यम से, प्रतिभागियों को प्रगति पर डेटा और साक्ष्य के संपर्क में लाया जाएगा और उनके पास विषय के बारे में अधिक सीखने का अवसर होगा।

## कोरोनावायरस: भारत में 2 और केस सामने आए



**भारत** में दिल्ली और तेलंगाना में कोरोनावायरस से संक्रमण के 1-1 मामले की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, दिल्ली में जिस व्यक्ति में संक्रमण पाया गया है, वह कुछ दिनों पहले इटली से लौटा था। जबकि तेलंगाना में संक्रमित पाया गया युवक दुबई से आया था। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने नागरिकों को चीन, ईरान, कोरिया, सिंगापुर और इटली की यात्रा से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि महामारी के प्रभाव को देखते हुए अन्य देशों में भी यात्रा प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के 21 हवाई अड्डों, 12 बंदरगाहों और 65 छोटे बंदरगाहों पर यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। अब तक हवाई अड्डों पर पांच लाख से ज्यादा यात्रियों की जांच की जा चुकी है। जबकि बड़े और छोटे बंदगाहों पर 12,431 यात्रियों की जांच की जा चुकी है। 23 लोगों के सैंपल्स जांच के लिए भेजे गए हैं। उनके नतीजों का इंतजार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, जिन लोगों में आज कोरोना की पुष्टि हुई है, फिलहाल उनकी स्थिति ठीक है और उनकी निगरानी की जा रही है। भारत में अब तक पांच मामले सामने आ चुके हैं। इससे पहले केरल के तीन युवकों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। हालांकि, उनकी स्थिति में सुधार के बाद तीनों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी थी।

## फरवरी में बेरोजगारी दर बढ़कर 7.78% पर पहुंची




**फरवरी** में देश में रोजगार के मौके घटे। इस दौरान बेरोजगारी की दर बढ़कर 7.78% पर पहुंच गई। यह चार महीनों में सबसे ज्यादा है। बेरोजगारी दर में जनवरी के मुकाबले 0.62% की बढ़ोतरी हुई। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2020 में बेरोजगारी दर अक्टूबर 2019 के बाद सबसे ज्यादा रही है। रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक सुस्ती का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। साल 2019 के अंतिम तीन महीनों में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर छह साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। विश्लेषकों ने चीन में फैले कोरोना वायरस के कारण आने वाले समय में भी आर्थिक मंदी और बढ़ने की संभावना जताई है। सीएमआईई की रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी महीने में ग्रामीण क्षेत्र में कम लोगों को रोजगार मिला है। इस कारण ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर जनवरी की 5.97% के मुकाबले फरवरी में बढ़कर 7.37% पर पहुंच गई है। शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर में कमी दर्ज की गई है और यह जनवरी के 9.70% के मुकाबले घटकर फरवरी में 8.65% रह गई है। सीएमआईई मुंबई बेस्ट एक निजी थिंक टैंक है।

## इसरो: 16 मंजिला ऊंचा जीएसएलवी रॉकेट जीसैट-1 को लॉन्च करेगा

### देश के किसी भी हिस्से की रीयल टाइम तस्वीरें भेजेगा

संवाददाता

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 5 मार्च को जीएसएलवी-एफ 10 के जरिए जियो इमेजिंग सैटेलाइट यानी जीसैट-1 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर लॉन्च करेगा। जिस जीएसएलवी एफ-10 रॉकेट से इस सैटेलाइट को लॉन्च किया जाएगा, वह 16 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है और इसका वजन 4,20,300 किलो है। इसरो के मुताबिक प्रक्षेपण 5 मार्च को शाम 5: 43 बजे होगा। यह मिशन 18 मिनट का होगा यानी प्रक्षेपण के 18 मिनट बाद जीएसएलवी-एफ10 रॉकेट उपग्रह को उसकी कक्षा में स्थापित कर देगा। यह जीएसएलवी की 14वीं उड़ान होगी। इस सैटेलाइट के जरिए देश के किसी भी हिस्से की तस्वीरें रीयल टाइम में हासिल की जा सकेंगी। इस सैटेलाइट को जीएसएलवी-एफ 10 की मदद से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में रखा जाएगा। इसके बाद, ऑनबोर्ड प्रपलशन सिस्टम के जरिए यह सैटेलाइट 36 हजार किलोमीटर ऊंचाई वाली अपनी कक्षा में स्थापित हो जाएगा। इसरो के मुताबिक 2268 किलो वजनी जीसैट ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है। जो बहुत तेजी



से धरती की तस्वीरें लेगा। इस जीएसएलवी उड़ान में पहली बार 4 मीटर व्यास का ओगिव आकार का पेलोड फेयरिंग (हीट शील्ड) लगाया गया है। यह स्पेसक्राफ्ट के लिए एक तरह के रक्षा कवच की तरह काम करता है। कोन के आकार का पेलोड फेयरिंग लॉन्च के दौरान वायुमंडल से पैदा होने वाली एयरोडायनेमिक हीटिंग(गर्मी) और वायुमंडलीय दबाव से स्पेसक्राफ्ट को बचाता है।

### सैटेलाइट के जरिए रीयल टाइम में तस्वीरें हासिल की जा सकेंगी

इस उपग्रह में विशेष पे लोड उपकरण हैं। इसमें इमेजिंग कैमरों की एक लंबी रेंज है, जिसमें इंफ्रारेड और थर्मल इमेजिंग की खूबियां हैं। साथ ही कई हाई-रिजोल्यूशन कैमरे भी हैं, जो उपग्रह की ऑन बोर्ड प्रणाली द्वारा ही संचालित होंगे। यह 50 मीटर से 1.5 किलोमीटर की रिजोल्यूशन में फोटो ले सकता है। इस सैटेलाइट की मदद से भारतीय उपमहाद्वीप पर 24 घंटे नजर रखी जा सकेगी।

### भारतीय सीमाओं की चौकसी में मदद मिलेगी

इसके ऑपरेशनल होने के बाद भारतीय सीमाओं की चौकसी में भी मदद मिलेगी। आमतौर पर जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट देश के किसी हिस्से से गुजरने के बाद निश्चित समय के बाद ही दोबारा फिर वहां पहुंचते हैं। लेकिन जीसैट-1 पृथ्वी की ऐसी कक्षा में रहेगा, जहां से वह पूरे उपमहाद्वीप पर हमेशा नजर रख सकेगा। यह सैटेलाइट मौसम की भविष्यवाणी और प्राकृतिक आपदा में काफी मददगार साबित होगी।

## दिग्विजय का आरोप- विधायकों को 35 करोड़ का ऑफर दे रही भाजपा



### शिवराज सीएम और नरोत्तम डिप्टी सीएम का सपना देख रहे

**कांग्रेस** नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि कमलनाथ सरकार को अस्थिर करने के लिए भाजपा उनकी पार्टी के विधायकों को रिश्वत देने की कोशिश कर रही है।दिग्विजय ने दिल्ली में सोमवार को कहा कि भाजपा, शिवराज सिंह चौहान और नरोत्तम मिश्रा कांग्रेस के विधायकों को 25 से 35 करोड़ तक का ऑफर दे रहे हैं। यह कर्नाटक नहीं, मध्य प्रदेश है। उन्होंने कहा कि हमारे विधायक बिकाऊ नहीं हैं। इस पर पलटवार करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झूठ बोलना दिग्विजय की पुरानी आदत है। दिग्विजय ने कहा- मैं बिना तथ्यों के आरोप नहीं लगाता। शिवराज और नरोत्तम में सहमति बन गई है। एक मुख्यमंत्री और दूसरा डिप्टी सीएम बनने का सपना देख रहे हैं। शिवराज और नरोत्तम कांग्रेस विधायकों को फोन कर रहे हैं और खुलेआम 25 से 35 करोड़ रुपए की पेशकश कर रहे हैं। 5 करोड़ अभी ले लो, दूसरी किश्त राज्यसभा चुनाव में और तीसरी किश्त सरकार गिराने (फ्लोर टेस्ट) के बाद दी जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री कमलनाथ को ब्लैकमेल करना चाहते हैं। दिग्विजय झूठ फैलाने में माहिर हैं। उन्हें अपनी उपयोगिता दिखानी होगी और किसी को डराना-धमकाना होगा, इसलिए ऐसा बयान दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जनवरी 2019 में भी भाजपा नेताओं पर कांग्रेस विधायकों को खरीदने का आरोप लगाया था। तब उन्होंने कहा था- भाजपा नेताओं द्वारा विधायकों को 100 -100 करोड़ के ऑफर दिए गए हैं, मेरे पास इसके सबूत हैं। इस पर भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा था कि दिग्विजय आरोप लगाने से पहले सोचें कि 100 करोड़ की राशि होती कितनी है।

### कर्नाटक में 16 विधायकों के इस्तीफे के बाद गिरी थी सरकार

**कर्नाटक में 16 विधायकों के इस्तीफे के बाद कांग्रेस-जेडीएस की 14 महीने पुरानी गठबंधन सरकार अल्पमत में आ गई थी। गठबंधन ने भाजपा पर विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया था। फ्लोर टेस्ट में कुमारस्वामी सरकार गिर गई थी।**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सीएए के बहाने विपक्ष पर योगी आदित्यनाथ का हमला- मुगालते में ना रहें, कयामत के दिन नहीं आएंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा कि विपक्ष संशोधित नागरिकता कानून के नाम पर अव्यवस्था करने की कोशिश कर रहा है। विपक्षी पार्टियों की आलोचना करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्ष किसी मुगालते में ना रहे, अब कयामत के दिन नहीं आने वाले हैं। सीएए विरोधी प्रदर्शनों में हिंसा फैलाने वालों पर सीएम योगी ने कहा कि आगजनी और तोड़फोड़ करने वाले यह जानें लें कि ये सब नहीं चल पाएगा।

सीएए विरोधी प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में कहा, 'सीएए के नाम पर देश और प्रदेश में अव्यवस्था पैदा करने की कोशिश की जा रही है। जिस प्रशासनिक मशीनरी को विकास के कार्यों के साथ जुड़ना चाहिए, उसकी ऊर्जा को मोड़ा जा रहा है। प्रदेश के विकास को अवरुद्ध करने का प्रयास हो रहा है। देश की छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। विपक्ष किसी मुगालते में न रहे, अब कयामत के दिन नहीं आने वाले।'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा, 'जो लोग



सीएए के नाम पर आगजनी, तोड़-फोड़ और कानून को बंधक बनाकर अपने हिसाब से चलाने की सोच रहे हैं, वे यह जान लें कि यह कभी नहीं हो पाएगा। हम सुरक्षा सबको देंगे। सीएए नागरिकता देने का कानून है। इसे कांग्रेस की सरकार ने ही बनाया था। इसमें केवल एक संशोधन किया गया है। नागरिकता देने की समय सीमा को 11 वर्ष से घटाकर पांच वर्ष किया गया है। सीएए के नाम पर विपक्ष लोगों में भ्रम पैदा कर रहा है। यह समाज की अपूर्णीय क्षति है। यह देश के संविधान के साथ धोखा है। आने वाली पीढ़ी इस कृत्य के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन्सेफेलाइटिस से 40 वर्षों से बच्चे मर रहे थे। कुशीनगर से लेकर सहारनपुर तक की पूरी तराई की बेल्ट के 38 जिले इससे पीड़ित थे। पिछली सरकारों के पास इसे दूर करने की फुर्सत ही नहीं थी। इस बीमारी से मरने वाले बच्चों में 90 प्रतिशत बच्चे दलित और अल्पसंख्यक समुदाय के थे। इस पर कोई नहीं बोलता था।

जिनकी प्रवृत्ति फाइव स्टार कल्चर की हो, वह गरीब और दलित की पीड़ा को क्या समझेंगे। जब सांसद था, तब भी मैं बोल रहा था और आज जब मुख्यमंत्री हूं तो भी। हमारी सरकार इन्सेफेलाइटिस के प्रकोप को विगत वर्ष तक 56 फीसदी तक कम करने में सफल रही है और मौत के आंकड़ों में 81 फीसदी तक की कमी ला चुकी है।

# विदेशी पर्यटक का अपहरण, मांगी फिरौती, खेत में ले जाकर पीटा

**नई दिल्ली।** एटीएम से रुपये निकाल रहे विदेशी पर्यटक का दो बदमाशों ने अपहरण कर लिया। भाषा समझ नहीं आने की वजह से पर्यटक को नजफगढ़ के खेतों में पिटाई की गई। पर्यटक के फोन से ही उनके दोस्त को फोन किया गया और दो करोड़ की फिरौती मांगी गई। मामला द्वारका जिले के मोहन गार्डन इलाके का है। पुलिस ने स्पेशल स्टाफ के साथ मिलकर केस को सुलझा लिया है।

जॉइंट सीपी शालिनी सिंह ने बताया कि बुल्गेरिया से आए पालाशेव रोडासलव उर्फ डायमंड को दो बदमाशों ने किडनैप कर लिया था। वह द्वारका मोड़ के पास एक एटीएम से रुपये निकाल रहे थे। दोनों बदमाश डायमंड को एटीएम के अंदर ले गए, उन्हें वहां पीटा और काबू किया। इसके बाद वह उन्हें गाड़ी से नजफगढ़ के खेतों में ले गए। 27/28 फरवरी देर रात की यह वारदात है।

डायमंड के दोस्त को उन्हीं के फोन से दो करोड़ के लिए कॉल आया तो उसने मोहन गार्डन थाने में मामला दर्ज करवाया। डीसीपी एंटो



अल्फोंस ने बताया कि आरोपियों ने किडनैपिंग के 12 घंटे बाद फिरौती के लिए कॉल की। सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल के आधार पर नजफगढ़ झड़ौदाकलां रोड़ पर ट्रैप बिछाया गया। पुलिस को संदिग्ध हालत में एक कार दिखाई दी। कार में आरोपी और पीड़ित मौजूद थे। कार का पीछा किया गया तो पुलिस की तीन गाड़ियों को टक्कर मारी। पुलिस पर फायरिंग भी की। पुलिस ने भी फायरिंग की, जिससे आरोपी की गाड़ी का टायर फट गया और आरोपी पकड़ में आ गए। स्पेशल स्टाफ की टीम ने इंस्पेक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में पीड़ित के दोस्त को विश्वास में लेकर आरोपी तक पहुंचने में कामयाबी पाई। आरोपी के फोन बंद थे और उनकी लोकेशन नजफगढ़ के आसपास ही आ रही थी। किडनैपिंग में इस्तेमाल की गई सफेद रंग की कार हरियाणा नंबर की थी।

पुलिस के अनुसार पूरा ऑपरेशन सादे कपड़ों और प्राइवेट गाड़ियों में अंजाम दिया, ताकि किडनैपरों को शक न हो। पुलिस के मुताबिक पीड़ित के दोस्त ने बताया कि उन्हें रकम लेकर नजफगढ़ में बुलाया गया है। लेकिन पुलिस जब वहां पहुंची तो काफी देर तक कोई नहीं आया। इसके बाद सर्च ऑपरेशन किया गया और संदिग्ध कार सीआरपीएफ गेट के पास नजर आई। पुलिस के अनुसार किडनैपिंग का मास्टरमाइंड अनूप उर्फ मालामाल है। वह राजेश बवानिया गैंग से जुड़ा हुआ है और हत्या के मामले में जेल की सजा काट रहा है। अभी वह बेल पर बाहर है। उसके दूसरे साथी नवीन डागर को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों झड़ौदाकलां के रहने वाले हैं। इनके पास से दो पिस्टल, एक लाख कैश और वारदात में इस्तेमाल कार बरामद की गई है।

## प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर 'सुशासन' तंज

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जेडीयू पर हमलावर चल रहे चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सोमवार को नीतीश कुमार की पटना रैली पर तंज कसा। प्रशांत किशोर ने कहा कि करीब 15 साल तक सीएम नीतीश कुमार के 'सुशासन' के बावजूद बिहार देश का सबसे पिछड़ा और गरीब राज्य बना हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपनी रैली में दिल्ली हिंसा पर शब्द भी नहीं कहा। पीके ने ट्वीट कर कहा, 'पटना में जेडीयू वर्कर्स की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने 200 सीटें जीतने का दावा किया लेकिन यह नहीं बताया कि 15 साल के उनके सुशासन के बावजूद बिहार आज भी देश का सबसे पिछड़ा और गरीब राज्य क्यों हैं? साथ ही उनकी तरफ से यह गलत रहा कि उन्होंने दिल्ली हिंसा पर एक भी शब्द नहीं बोला।' बता दें कि रविवार को नीतीश कुमार ने सभी अटकलों पर विराम देते हुए अपने जन्मदिन पर ऐलान किया था कि उनकी पार्टी जेडीयू एनडीए के साथ मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि एनडीए विधानसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें जीतेगी। नीतीश ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों से वोट लिए लेकिन काम हमने उनके लिए किया। नीतीश ने जेडीयू कार्यकताओं की रैली में कहा, 'हम आगामी विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ मिलकर लड़ेंगे और 200 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।' उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे एनडीए को बिहार विधानसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें जिताने का संकल्प लें। नीतीश ने कहा कि जहां तक एनपीआर की बात तो राज्य में यह वर्ष 2010 के फार्मेट के आधार पर होगा और इस संबंध में हमने बिहार विधानसभा में एक प्रस्ताव भी पारित किया है।

## बिना कनेक्शन बनाया बिल, मांगी रिश्वत, अब मिली 5 साल की सजा

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष जज अल्पना शुक्ला ने बगैर बिजली कनेक्शन के 50 हजार का बकाया बिल जारी कर उसे खत्म करने के एवज में पांच हजार की रिश्वत लेने वाले जेई रामकरन यादव को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने रायबरेली में तैनात रहे बिजली विभाग के इस जेई पर 50 हजार का जुर्माना भी ठोंका है।

सरकारी वकील दुष्यंत मिश्र के मुताबिक इसके खिलाफ रायबरेली के कृष्णपाल सोनकर ने विजिलेंस में शिकायत दर्ज करवाई थी। करीब 12 साल पहले शिकायतकर्ता ने नगर पालिका द्वारा रेलवे स्टेशन के पास अलॉट अपनी एक गुमटी पर बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसे कनेक्शन नहीं मिला। उसने चार साल बाद फिर से कनेक्शन के लिए शुल्क जमा किया। कनेक्शन मिल गया और मीटर भी लगा दिया गया।

## न सिर, हाथ, पैर मिले और न हो सकी धड़ की पहचान

**लखनऊ।** एक युवक को बेरहमी से मार दिया गया। हत्यारों ने उसके सिर, हाथ और पैर काट कर धड़ को सीमेंट की एक बोरी में लपेटकर काकोरी के नौबस्ता पुल के पास रेलवे ट्रेक के किनारे फेंक दिया। धड़ मिले एक महीना गुजर चुका है, लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद न तो युवक के शरीर के टुकड़े मिले और न ही उसकी पहचान हो सकी है।

हरदोई रोड स्थित नौबस्ता पुल के नीचे 27 जनवरी को एक युवक का धड़ बोरे में पड़ा मिला था। रेलवे ट्रेक पर पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैकमैन ज्ञानेंद्र रावत ने बोरे में शव होने की सूचना रात में पुलिस को दी थी। मौके पर डीसीपी पूजा यादव, एसीपी सैय्यद मोहम्मद कासिम आबिदी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। बोरा खोलकर देखने पर करीब 22 वर्षीय युवक का धड़ था, जिसका सिर, हाथ और पैर गायब थे। युवक का धड़ माईसेम सीमेंट की कई बोरियों और कपड़ों के टुकड़ों से लिपटा था। शव के साथ ही मिस्टर ब्राउन की पन्नी भी मिली थी।

# दो दिनों की छुट्टी एन्जॉय करने के लिए बेहतरीन है दिल्ली के आसपास बसी ये 4 जगहें

*फरवरी खत्म होते ही मौसम सुहावना होने लगता है। इस मौसम में घूमने-फिरने का अपना अलग ही मजा होता है। बीच हो या हिल स्टेशन हर एक जगह का अलग रोमांच होता है। लेकिन अगर आप सफर में बहुत ज्यादा टाइम नहीं गवाना चाहते तो दिल्ली के आसपास बसी इन जगहों पर डालें एक नजर। जहां मिलेगा एडवेंचर का भरपूर मौका।*

**1. मोरनी**

पंचकुला का सबसे ऊंचा स्थान, मोरनी हिल्स बेहद खूबसूरत जगह में से एक है। मोरनी हिल्स शिवालिक रेंज का एक हिस्सा है और इसके बीचों-बीच मौजूद दो झीलें हैं। जहां जाकर आप शांति का एहसास करेंगे। इसके आसपास खाने-पीने की भी अच्छी व्यवस्था है। वहीं यहां आप ट्रेकिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं। इसके अलावा ऐतिहासिक जगह देखने का मन हो तो यहां का पुराना किला देखने निकल जाएं। वहीं मोरली हिल्स और चंडीगढ़ में ठहरने की अच्छी व्यवस्थाएं हैं। यहां जाकर आपकी ट्रिप मजेदार व एडवेंचर्स बन जाएगा।

**दिल्ली से दूरी: 253 किलोमीटर लगभग**

**सड़क मार्ग से यात्रा की दूरी: लगभग 4 घंटे की ड्राइव**

**2. नीमराना फोर्ट पैलेस**

लगभग 553 साल पहले निर्मित, नीमराना फोर्ट पैलेस दिल्ली के पास एक आदर्श रोमैंटिक पिकनिक प्लेस है। यह भव्य हेरिटेज होटल अरावली पहाड़ियों की ढलान पर स्थित है और यहां सूर्यास्त के दौरान शानदार नजारे देखते हैं। सूर्यास्त के बाद, पूरा किला रोशनी से जगमगाता है जिससे यह और भी सुंदर दिखता है। यहां आप शाही व्यंजनों का लुत्फ भी उठा सकते हैं।



**दिल्ली से दूरी: 120 किलोमीटर लगभग**

**सड़क मार्ग से यात्रा की दूरी: लगभग 3 घंटे की ड्राइव**

**3. तरुधन घाटी गोल्फ रिजॉर्ट**

वीकेंड में मस्ती करनी है लेकिन उसके लिए बहुत भागदौड़ नहीं करना तो तरूधन वैली गोल्फ रिजॉर्ट का प्लान बनाएं। जहां आकर आप गोल्फ खेलने के भी मजे ले सकते हैं। वहीं आपको यहां अच्छे स्पा सेंटर्स भी मिलेंगे। दिल्ली से दूरी: 63 किलोमीटर लगभग

**सड़क मार्ग से यात्रा की दूरी: 48 से 1 घंटे 49 मिनट की ड्राइव**

**4. परवाणू**

वैसे तो हिमाचल की हर एक जगह अपनी अलग खूबसूरती बटोरे हुए है लेकिन परवानू ऐसी जगह है जहां आप पूरी फैमिली के साथ जाकर भी सुकून भरा वेकेशन एंजॉय कर सकते हैं। यह हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित है।

**दिल्ली से दूरी: 270 किलोमीटर लगभग**

**सड़क मार्ग से यात्रा की दूरी: लगभग 4 घंटे 45 मिनट की ड्राइव**

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढेगी।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।बीमारियां घेर सकती हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

## बर्लिनः अतीत में लिपटा एक आधुनिक शहर

बर्लिन के टेगेल हवाई अड्डे पर विमान के उतरने भर की देर थी कि कुछ ही देर में एयरोब्रिज उसके सीने से आ जुड़ा और चंद मिनटों में ही हम भी बाहर थे। मगर बाहर तो एयरोब्रिज से निकले थे। अब हैरानगी इसे लेकर थी कि मुश्किल से तीस मीटर चलने के बाद ही हम हवाईअड्डे से भी बाहर पहुंच चुके थे! इससे पहले कि कुछ समझ में आता, हमारी टैक्सी भी सामने थी। मुस्तफा ने मेरे हाथ से लगेज लिया, डिक्की में लादा और हमारी मंजिल की तरफ लेकर चल पड़ा। करीब डेढ़ सौ किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती मर्सिडीज की सवारी करते हुए हमारा दिमाग इसी सवाल से गुत्थमगुत्था था कि दुनिया के आधुनिकतम कहलाने वाले शहरों में शुमार बर्लिन का एयरपोर्ट इतना छुटका कैसे हो सकता है? मुस्तफा ने इस राज पर से पर्दा उठाते हुए बताया कि टेगेल की बनावट षट्कोणीय है, जिसकी वजह से कई बार विमान और सड़क की दूरी मामूली ही बचती है। सुविधा के मामले में इसका कोई तोड़ नहीं हो सकता। यह तो पहली ही शाम थी, अभी हमें ऐसे ही और भी कई आश्चर्यों से रूबरू होना था। बर्लिन के क्रिसमस बाजारों से मिलने इस तरफ चले आए थे। सुना था कि यूरोप में क्रिसमस की धड़कनें देखनी हों, तो जर्मनी एक बार जरूर आना चाहिए।

**बर्लिन का शानदार और खूबसूरत ठिकाना**

पॉल-रॉबेसन स्ट्राबे पर हमारा एयरबीएनबी बुक था और यहां तक पहुंचने में करीब 20 मिनट लगे। हवाईअड्डे से चले थे, तो आसमान पर बादलों के साए जमा थे। जब यहां पहुंचे तो बूंदाबांदी शुरू हो चुकी थी। एक तो रात का वक्त, अनजाना शहर और उस पर बारिश के उन छींटों में भीगते हुए सामने इंडियन रेस्टोरेंट से अपने अड्डे की चाबी भी लेनी थी। इस बीच, मुस्तफा को हम विदा कर चुके थे। चौथी मंजिल पर हमारा अपार्टमेंट था, जिस तक पहुंचने की लिफ्ट का वजूद हमें कहीं नहीं दिखाई दिया। थकान खास नहीं थी और यूरोप में घुमक्कड़ी की आदतों के चलते लगेज भी ज्यादा नहीं था, तो भी सीढियों पर सांस फुलाते हुए चढना अखरा था। बहरहाल, अपना घर देखकर मन झूम उठा। दो बेडरूम, एक बड़ा-सा लिविंग रूम, किचन, बॉलकनी और इन सबको आपस में जोडने.वाला गलियारा मस्त था। यह दरअसल, एक आर्टिस्ट कपल का घर था, जो वेकेशन पर जाते हुए इसे एयरबीएनबी पर लिस्ट कर गए थे। होटल या हॉस्टल में टिकने की बजाय हमने इस वैकल्पिक ठौर को चुना था, ताकि कुछ तो अलग अनुभव हासिल हो। किचन में पास्ता, नूडल्स, रेडी टु कुक बिरयानी, करी के अलावा कितनी ही किस्मों की हर्बल चाय, कॉफी, अगरबत्तियां भी थीं, जिन पर मेड इन इंडिया या मेड इन श्रीलंका की स्टीकर चिपके थे।

**शुरू हुई घुमक्कड़ी**

अगले दिन नजदीकी ट्रेन स्टेशन बानहोमर स्ट्रासे में घुसने से पहले ही सामना हुआ था बर्लिन की दीवार के उस छोटे से हिस्से से, जिसे यहां सहेजकर रखा गया है। यह वही स्टेशन था, जहां से कितने ही यहूदी, जिप्सी, समलैंगिक, गरीब, रोगी, विकलांग हिटलरी कहर से जान बचाकर भागे थे। स्टेशन के बाहर इसी अतीत को दिखाने वाली एक छोटी-सी प्रदर्शनी लगी है।

# भारत की शर्मनाक हार, क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड 7 विकेट से जीता



**क्राइस्टचर्च।** ाारत के न्यूजीलैंड दौरे का निराशाजनक अंत हुआ। क्राइस्टचर्च में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड को जीत के लिए 132 रन का लक्ष्य मिला था जिसे उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत की ओर से दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह ने दो और उमेश यादव ने एक विकेट लिया। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से जीत हासिल की। भारतीय कप्तान विराट कोहली खुद भी बोलिंग करने उतरे लेकिन उन्हें कोई कामयाबी मिली।

न्यूजीलैंड की ओर से सलामी जोड़ी टॉम लाथम और टॉम ब्लंडेल ने शतकीय साझेदारी की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 103 रन जोड़े। लाथम आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 74 गेंद पर 52 रन बनाए। कप्तान केन विलियमसन भी पांच रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बुमराह की शॉर्ट बॉल पर रहाणे ने कैच किया। हालांकि स्कोर बहुत ज्यादा नहीं था और न ही कीवी टीम पर कोई प्रेशर था। टॉम ब्लंडेल को बोल्ड कर बुमराह ने भारत को तीसरी कामयाबी दिलाई। भारत ने अपनी पहली पारी में 242 रन बनाए थे और न्यूजीलैंड को पहली पारी में 235 रनों पर ही ऑल आउट कर दिया था। इसी कारण वह दूसरी पारी में सात रनों की बढ़त के साथ उतरी थी। इससे पहले दिन की शुरूआत छह विकेट के नुकसान पर 90 रनों से करने वाली भारतीय टीम 34 रन जोड़ कर पवेलियन लौट ली। 97 के कुल स्कोर पर हनुमा विहारी (9) को टिम साउदी ने अपना शिकारा बनाया तो वहीं इसी स्कोर पर ट्रेंट बाउल्ट ने ऋषभ पंत को पवेलियन भेज दिया। पंत ने चार रन बनाए। साउदी ने फिर मोहम्मद शमी को 109 के कुल स्कोर पर आउट कर भारत का नौवां विकेट चटका दिया। बाउल्ट और कप्तान केन विलियम्सन की जोड़ी ने जसप्रीत बुमराह को रन आउट कर मेहमान टीम की पारी समेट दी। रवींद्र जडेजा 16 रन बनाकर नाबाद रहे। उनसे ज्यादा रन सिर्फ चेतेश्वर पुजारा ने बनाए। दूसरे दिन आउट होने वाले पुजारा ने 24 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए बाउल्ट ने चार विकेट लिए। साउदी ने तीन सफलताएं अर्जित कीं। कोलिन डी ग्रांडहोम और नील वेग्नर के हिस्से एक-एक विकेट आया।

## आक्रामकता कम करने का सवाल, पत्रकार पर भड़के विराट कोहली



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 0-2 से हारने के बाद कप्तान विराट कोहली सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उस समय आपा खो बैठे। कोहली से पत्रकार ने पूछा कि क्या उन्हें मैदान पर अपनी आक्रामकता कम करने की जरूरत है। कोहली को यह सवाल पसंद नहीं आया और उन्होंने पत्रकार पर नाराजगी जताई। रविवार को दूसरे दिन केन विलियमसन और टॉम लाथम के आउट होने के बाद कोहली आक्रामकता के साथ सेलिब्रेट कर रहे थे। सोशल मीडिया पर एक विडियो वायरल हो रहा है जिसमें भारतीय कप्तान दर्शकों की ओर इशारा कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

यह घटना तब हुई थी जब न्यूजीलैंड की पहली पारी में मोहम्मद शमी ने टॉम लाथम को आउट किया था। एक पत्रकार ने कोहली से पूछा कि क्या उन्हें अपनी टीम के लिए एक उदाहरण स्थापित करने के लिए अपनी आक्रामकता पर लगाम लगाने की जरूरत है। इस पर कोहली थोड़ा नाराज हो गए। उन्होंने कहा, 'आपको क्या लगता है? मैं आपसे इसका जवाब पूछता हूं। आपको यह अच्छी तरह पता लगाना चाहिए कि वहां क्या हुआ था, उसके बाद एक बेहतर सवाल के साथ आना चाहिए। मैंने मैच रेफरी से बात कर ली है, आप आधी जानकारी के साथ यहां नहीं आ सकते। धन्यवाद।' कोहली न्यूजीलैंड दौरे पर खराब फॉर्म से गुजरे। पूरे दौरे पर वह सिर्फ एक बार ही 50 का आंकड़ा पार कर पाए। टेस्ट सीरीज में तो कोहली 20 रन भी नहीं पाए। न्यूजीलैंड ने हेगली ओवल में सात विकेट से जीत हासिल की। इस जीते के साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत का टेस्ट सीरीज में सफाया कर दिया। न्यूजीलैंड ने इस सीरीज से 120 अंक लिए और अब उसके कुल अंक 180 हो गए हैं। भारत 360 अंक से साथ अब भी टॉप पर है।

## कोरोना वायरस से टूर्नामेंट रद्द होने के कारण ओलिंपिक क्वॉलिफिकेशन समय बढ़े: साइना नेहवाल



**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर साइना नेहवाल और पारूपल्ली कश्यप का मानना है कि कोरोना वायरस के कारण तोक्यो ओलिंपिक के क्वॉलिफाइंग टूर्नामेंट रद्द होने के कारण विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) को क्वॉलिफिकेशन समय को बढ़ाना चाहिए। घातक कोरोना वायरस से जुड़ी चिंताओं के कारण अब तक चार ओलिंपिक क्वॉलिफाइंग प्रतियोगिताएं रद्द हो चुकी हैं जिसमें चीन मास्टर्स (25 फरवरी से एक मार्च), वियतनाम अंतरराष्ट्रीय चैलेंज (24 से 29 मार्च), जर्मन ओपन (तीन से आठ मार्च) और पोलिश ओपन (26 से 29 मार्च) शामिल हैं। साइना ने बीडब्ल्यूएफ और अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) को टैग करते हुए ट्वीट किया, अगर कोरोना वायरस के कारण टूर्नामेंट रद्द हो रहे हैं तो क्वॉलिफिकेशन समय बढ़ाया जा सकता है।

## इंग्लिश प्रीमियर लीगः 423 दिन बाद लिवरपूल को मिली हार

**लिवरपूल।** इंग्लिश प्रीमियर लीग में 423 दिन और 44 मैचों से चला आ रहा लिवरपूल के अजेय अभियान पर वॉटफोर्ड ने ब्रेक लगा दिया। वॉटफोर्ड ने लिवरपूल को 3-0 से हराया और इस जीत में इस्माइला सार के 2 और ट्रॉय डीनी के 1 गोल का अहम रोल रहा।

प्रीमियर लीग में लिवरपूल को पिछली हार 3 जनवरी 2019 को मैनचेस्टर सिटी के हाथों 1-2 के रूप में मिली थी। इसके बाद से अब तक लिवरपूल ने 45 प्रीमियर लीग मैच खेले जिसमें से उसने 39 मैच जीते, 1 मैच हारा और 5 मैच ड्रॉ खेले हैं।

लिवरपूल की इस सीजन के 28 प्रीमियर लीग मैचों में यह पहली हार है। हार के बावजूद लिवरपूल की टीम 79 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर मौजूद है। वहीं, वॉटफोर्ड टीम 28 मैचों में 27 पॉइंट्स लेकर 17वें नंबर पर है।




लिवरपूल ने अगर वॉटफोर्ड को हरा दिया होता तो वह लगातार 19 प्रीमियर लीग मैच जीतने के मैनचेस्टर सिटी टीम के रेकॉर्ड को तोड़ देता। सिटी टीम ने लगातार 18 मैच जीतने का रेकॉर्ड 2017-18 प्रीमियर लीग सीजन में बनाया था।

## राफेल नडाल ने फ्रिट्ज को हराकर तीसरी बार जीता मेक्सिको ओपन खिताब



**लॉस एंजिलिस।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी राफेल नडाल ने शनिवार को यहां गैरवरीय टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराकर एटीपी मेक्सिको ओपन का खिताब जीत लिया जो 2020 का उनका पहला खिताब है। स्पेन के दिग्गज नडाल ने अमेरिका के फ्रिट्ज को 6-3, 6-2 से हराकर तीसरी बार मेक्सिको ओपन का खिताब जीता। इससे पहले वह 2013 और 2015 में भी यहां खिताब जीत चुके हैं। नडाल के करियर का यह 85वां खिताब है। 33 साल के नडाल ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में हार के बाद पहला टूर्नामेंट खेला।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

